# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–14 नवम्बर 2024 सान्ध्य समाचार

काशी की विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली कल धूम–धाम से मनाई जाएगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देव दीपावली के भव्य और दिव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। देव दीपावली को लेकर काशी के घाटों और सरोवरों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। देव दीपावली में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटको का काशी पहुंचना प्रारंभ हो चुका है। देव दीपावली के आयोजन में शामिल होने के साथ ही उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले खुबसूरत नमो घाट का लोकार्पण भी करेंगे। जल, थल और नभ से जुड़ने वाला यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। नमो घाट पर फ्लोटिंग सीएनजी स्टेशन, ओपन एयर थियेटर, कुंड, फ्लोटिंग जेटी पर बाथिंग कुंड तथा चेंजिंग रूम का भी निर्माण हुआ है। यह वाराणसी का पहला घाट है, जिसे दिव्यांगजनों के अनुकूल बनाया गया है।

**********

डोमिनिका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से अलंकृत करने की घोषणा की है। कोविड महामारी के दौरान डोमिनिका को राहत उपलब्ध कराने और दोनों देशों की साझेदारी मजबूत करने में योगदान के लिए प्रधानमंत्री मोदी को डोमिनिका अवॉर्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। डोमिनिका की राष्ट्रपति सिलवेनी बर्टन गयाना में उन्नीस से इक्कीस दिसंबर तक आयोजित होने वाले कैरिबियाई समुदाय और साझा बाजार शिखर सम्मेलन में यह सम्मान प्रदान करेंगी।

**********

उत्तर प्रदेश पीसीएस प्रारंम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस और आरओ–एआरओ दो हजार तेइस की परीक्षा एक दिन और एक शिफ्ट में कराए जाने की मांग को लेकर प्रतियोगी छात्रों के प्रदर्शन के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग ने आज छात्रों के हित में पीसीएस प्रारंम्भिक परीक्षा दो हजार चौबीस को एक दिन में कराए जाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आरओ–एआरओ दो हजार तेइस की परीक्षा पर निर्णय के लिए आयोग द्वारा समिति का गठन किया गया है। यह समिति सभी पहलूओं पर विचार कर जल्द ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने आयोग को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने के निर्देश दिए थे।

**********

आगामी आठ दिसंबर को प्रस्तावित यूपी उच्च न्यायिक सेवा परीक्षा–दो हजार तेइस अगली सूचना तक के लिए टाल दी गई है। इलाहाबाद हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से कल जारी पत्र के अनुसार यह परीक्षा अपरिहार्य प्रशासनिक कारणों से टाली गई है।

**********

कृषि भारत मेला दो हजार चौबीस का आयोजन कल से अट्ठारह नवंबर तक लखनऊ के वृंदावन योजना मैदान में होगा। प्रदेश में कृषि और पशुपालन क्षेत्र में नई तकनीकों को बढ़ावा देने और उत्पादन को बढ़ाने के लिए आयोजित होने जा रहे इस चार दिवसीय मेले का उद्घाटन कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। इस मेले में प्रदेशभर के करीब एक लाख किसानों के जुटने का अनुमान लगाया जा रहा है। मेले में कृषि उद्योग से जुड़े देश और दुनिया के दो सौ उद्यमी अपने उत्पादों और तकनीक की प्रदर्शनियां लगाएंगे। इस आयोजन में नीदरलैंड्स को साझीदार देश के रूप में शामिल किया गया है। नीदरलैंड्स से आए विशेषज्ञ और आपूर्तिकर्ता अपने आधुनिक कृषि उपकरणों और तकनीकों का प्रदर्शन करेंगे। इससे प्रदेश के किसानों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तकनीकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। कृषि उत्पादन आयुक्त, मोनिका एस गर्ग ने बताया कि मेले में पराली प्रबंधन पर भी विशेष जोर दिया जाएगा।

**********

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने आज लखनऊ में आयोजित **डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट–दो हजार चौबीस** का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि जो राज्य सरकारें विद्युत उपभोक्ताओं को सब्सिडी नही दे रही हैं उनके ऊपर कुछ प्रतिबंध लगाये जा रहे हैं। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों को भी बिना मीटर के बिजली नहीं दी जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा भी मौजूद रहे।

**********

जेएसएस एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन एंड रिसर्च मैसूर, कर्नाटक के पूर्व कुलपति डाक्टर सुरिंदर सिंह महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के नए कुलपति होंगे। उनका चयन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है। डाक्टर सिंह, वर्तमान कुलपति मेजर जनरल डाक्टर अतुल वाजपेयी का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल कल पूरा हो रहा है। नए कुलपति डाक्टर सुरिंदर सिंह भारत सरकार के औषधि महानियंत्रक भी रह चुके हैं।

**********

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सत्तरवें राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन बाइस से चौबीस नवंबर तक गोरखपुर में होगा। परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने बताया कि अधिवेशन का उद्घाटन जोहो कॉर्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्रीधर वेम्बू करेंगे।

**********